पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 02 अभियुक्त एवं एनबीडब्लू में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक-28.08.2024

दिनांक 27/28.08.2024 को थाना मलिहाबाद 01, सरोजनीनगर 01 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना अलीगंज 03 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 02 अभियुक्त एवं एनबीडब्लू में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0/बी0एन0एस0

थाना पीजीआई-दिनांक 28.08.2024 थाना पीजीआई द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती अन्जनी देवी पत्नी सन्तोष कुमार निवासिनी स्वरुप नगर खरिका तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ ने थाना पीजीआई पर सूचना दी कि दिनांक 26.08.2024 को समय करीब 12.00 बजे दिन में मोबाइल 9536859632 से वादिनी के मोबाइल नम्बर पर कॉल आया कि आपके पापा 15,000/- रुपये आपके खाते में भेजना है तो आप अपना पेटीएम नम्बर दीजिये तो उसमें डाल दूँगा । उसने 10,000/- रुपये डाले और बोला की मैसेज आ गया होगा लेकिन वह फेक मैसेज था । फिर उसने 5,000/-रुपये डाला और बोला कि 5,000/- रुपये भेजना था गलती से 50,000/- रुपये आपके खाते में चला गया है तो आप मुझे 45,000/- रुपये वापस भेज दीजिए तो वादिनी ने देखा कि मैसेज दिखाया गया लेकिन वादिनी के खाते में पैसा नहीं आये थे । वादिनी ने बिना सोचे बिना चेक किये उसके खाते में 5,000/- रुपये भेजे और फिर 40,000/- रुपये भेज दिये । फिर उसने 35,000/- रुपये मांगा कि फिर से गलती से आपके खाते में 35,000/-रुपये चला गया है तो वापस दे दो । तब चेक किया तो वादिनी के खाते में 35,000/- रुपये नही थे इसलिए पैसे वापस नहीं गये । तब वादिनी ने अपने खाते की धनराशि चेक की तो पता चला कि उसने कोई पैसा नहीं डाला है,और वादिनी के द्वारा उसके खाते में 45,000/- रुपये चला गया है । **इस सूचना पर थाना पीजीआई पर मु0अ0सं0 597/2024 धारा 318(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना बन्थरा-दिनांक 28.08.2024 थाना बन्थरा द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती द्रोपति पत्नी वासुदेव रावत निवासी देरेहटा अंचली थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव ने थाना बन्थरा पर सूचना दी कि दिनांक 26.08.2024 को वादिनी का पुत्र अजय उम्र करीब 22 वर्ष अपने दोस्त सचिन पुत्र राकेश रावत उम्र करीब 20 वर्ष निवासी धावापुर खसरवारा थाना बन्थरा लखनऊ को मोटर साइकिल यू0पी0 32 एल0पी0 8628 पर पीछे बिठाकर अजय मोटर साइकिल चलाते हुए उम्मेदखेड़ा बन्थरा थाना बन्थरा जनपद लखनऊ क्षेत्र स्थित ईशू दरबार के पास पहुँचा कि बन्थरा बाजार की तरफ से चली आ रही लोडर वाहन संख्या यू0पी0 32 एल0एन0 9857 के चालक विपिन कुमार पुत्र बब्लू निवासी मकदूमपुर देरेहटा अचली उन्नाव ने समय करीब 17.00 बजे दिन में सामने से लोटर को लापरवाही एवं तेज रफ्तार से चलाते हुये मोटरसाइकिल सहित जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी तथा वादिनी का पुत्र अजय व उसके साथी सचिन को गम्भीर चोट आयी । उन्हे इलाज हेतु पहले लखनऊ अस्पताल ले जाया गया ,जहाँ सचिन का तो इलाज होने लगा परन्तु अजय को ज्यादा चोटों के चलते उसे ऐरा हॉस्पिटल दुबग्गा लखनऊ में भर्ती कराया गया । जहाँ इलाज के दौरान दिनांक 27.08.2024 को वादिनी के पुत्र अजय की मृत्यु हो गयी । उसके साथी सचिन का लखनऊ सर्जिकल बन्थरा लखनऊ में इलाजरत है । **इस सूचना पर थाना बन्थरा पर मु0अ0सं0 245/2024 धारा 281/106(1)/324(4)/125(बी)का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना मानकनगर-दिनांक 28.08.2024 थाना मानकनगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री राजेश कुमार पुत्र शिवदयाल सिन्हा निवासी बी-178/1 आरडीएसओ कालोनी थाना मानकनगर लखनऊ ने थाना मानकनगर पर सूचना दिया कि वादी दिनांक 17.08.2024 को समय करीब 14.00 बजे पटना जाने हेतु अपने क्वाटर से सपरिवार निकला था। दिनांक 18.08.2024 को शाम को घर मे चोरी होने की सूचना पडोसी से मिली। लखनऊ से बाहर होने के कारण वादी ने पुलिस तथा आर0पी0एस0एफ0 को सूचित किया। इसमें से वादी करीब 10,000/- रुपये वादी के बच्चे के द्वारा गुल्लक में रखा हुआ था वो नहीं मिला। फुटा हुआ गुल्लक बाहर लॉन में पडा मिला। **इस सूचना पर थाना मानकनगर पर मु0अ0सं0 60/2024 धारा 305 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना मडियांव-दिनांक 28.08.2024 थाना मड़ियावं द्वारा बताया गया कि वादी श्री रवि मिश्रा पुत्र श्री अनिल कुमार मिश्रा निवासी शिव पुरम गौरभीठ रोड फैजुल्लागंज थाना मडियांव लखनऊ ने थाना मडियांव पर सूचना दिया कि वादी दिनांक 24.08.2024 को समय करीब 18.00 बजे शाम अपने रिश्तेदार ललित शुक्ला के घर वृदावन योजना को निकले थे। वादी जब दिनांक 25.08.2024 को घर वापस आया तो पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है और कमरे का ताला एवं अलमारी का ताला टूटा हुआ था जिसमें वादी के 35,000/- रुपये नगद व कीमती जेवरात चोरी कर लिये गये है। **इस सूचना पर थाना मडियांव पर मु0अ0सं0 510/2024 धारा 305/331(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना पीजीआई-आज दिनांक 28.08.2024 को थाना पीजीआई द्वारा बताया गया कि एसजीपीजीआई ट्रामा लखनऊ से आज समय करीब 08.28 बजे सुबह में एक मेमो थाना स्थानीय पर इस आशय से भेजा गया कि श्री विष्णु नरायन वाजपेयी उम्र करीब 69 वर्ष पुत्र स्व0 नन्द कुमार वाजपेयी निवासी 591वाई0ए0/968 शिव बिहार तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ को दिनांक 26.08.2024 को ए0टी0सी0 में भर्ती किया गया। विष्णु नरायन वाजपेयी उपरोक्त को भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। दिनांक 27.08.2024 समय 11.52 बजे रात्रि को विष्णु नरायन वाजपेयी उपरोक्त की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। **इस सूचना पर उ0नि0 धर्मवीर शाही मो0नं0- 9839233373 थाना पीजीआई द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिनके द्वारा बताया गया कि** विष्णु नरायन वाजपेयी उपरोक्त एल0आई0सी0 मे कार्य करते है। विष्णु नरायन वाजपेयी उपरोक्त की एक पुत्री प्रियंका वाजपेयी उम्र करीब 36 वर्ष है। जो विवाहित व सिटी कालेज में पढाती है। विष्णु नरायन वाजपेयी उपरोक्त का तेलीबाग चौराहे पर बाइक से एक्सीडेन्ट होने पर दिनांक 26.08.2024 को ट्रामा सेन्टर में भर्ती किया गया। जहां पर दिनांक 27.08.2024 समय 11.52 बजे रात्रि को डॉक्टरो द्वारा बताया गया कि विष्णु नरायन वाजपेयी उपरोक्त की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है।

थाना मडियांव- दिनांक 28.08.2024 को थाना मडियांव द्वारा बताया गया कि श्रीमती आशा देवी पत्नी अयोध्या प्रसाद सिंह निवासिनी 643एम/862 आरजू नगर मोहिबुल्लापुर एसटीपी रोड थाना मडियांव लखनऊ ने थाना मडियांव पर सूचना दी कि मेरे मकान के ऊपरी हिस्से के एक कमरे में रोहित कुमार पुत्र चन्द्रभाल निवासी निजामपुर डिघवा थाना नैमिशाष्यण जनपद सीतापुर किराये पर रहता था। आज सुबह जब मै ऊपरी हिस्से की छत पर आयी तो देखा रोहित के कमरे से खून निकल रहा है। और कमरे से दुर्गन्ध आ रही है तो मैने खिडकी से झाँक कर देखा तो रोहित कमरे के अन्दर पंखे से लटका हुआ है। **इस सूचना पर उ0नि0 पुष्पेन्द्र चौधरी मो0नं0- 7037460687 थाना मडियांव द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि रोहित उपरोक्त करीब 03 माह पूर्व से उपरोक्त पते पर निवास कर यू0पी0एस0सी0 की तैयारी कर रहा था। मकान मालकिन आशा देवी उपरोक्त द्वारा कमरे से दुर्गन्ध आने पर सूचना दी गयी तो मौके पर पुलिस द्वारा पहुँच कर देखा गया रोहित उपरोक्त अपने कमरे में सफेद गमछे से फंदा बनाकर पंखे से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव देखने में लगभग 02-03 दिन प्रतीत हो रहा है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही।